संख्या: 1:05:138:I:सीएस
दिनांक: 03.08.2023

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाज़ा, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) **मुंबई - 400 051.**	**बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** कॉर्पोरेट सेवा विभाग, मंजिल - 25, पीजे टावर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई - 400 001.**

विषय: फतेहगढ़ III ट्रांसमिशन लिमिटेड और फतेहगढ़ IV ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियां) (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी) का हस्तांतरण

महोदया/महोदय,

सूचित किया जाता है कि "फेज- III भाग ए 3 के तहत राजस्थान में आरईजेड (20 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली" और "फेज- III भाग ए 1 के तहत राजस्थान में आरईजेड (20 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम" के विकास हेतु स्थापित क्रमशः फतेहगढ़ III ट्रांसमिशन लिमिटेड और फतेहगढ़ IV ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियां) को 02 अगस्त, 2023 को सफल बोलीदाता अप्रावा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया है। उक्त लेनदेन से संबंधित अन्य विवरण निम्नानुसार हैं: -

क्र. सं.	**ब्यौरा**	**विवरण**	
		फतेहगढ़ III ट्रांसमिशन लिमिटेड	**फतेहगढ़ IV ट्रांसमिशन लिमिटेड**
1.	पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान सूचीबद्ध एंटिटी की ऐसी इकाई या प्रभाग द्वारा अंशदान किए गए टर्नओवर या राजस्व या आय और नेटवर्थ की राशि और प्रतिशत।	नगण्य	
2.	वह तारीख जब बिक्री हेतु करार किया गया।	उक्त एसपीवी की बिक्री और सफल बोलीदाता(ओं) को हस्तांतरण की प्रक्रिया 02.08.2023 को पूरी हो गई।	
3.	बिक्री/निपटान की समाप्ति की अनुमानित तिथि।		
4.	ऐसी बिक्री/निपटान से प्राप्त प्रतिफल।	शेयर खरीद करार के अनुसार रु.14,72,83,731/-.	शेयर खरीद करार के अनुसार रु. 7,42,27,211/-.

5.	क्रेता का संक्षिप्त विवरण तथा क्या क्रेता प्रमोटर/ प्रमोटर समूह/ समूह कंपनियों से संबंधित हैं। यदि हां, तो उसका विवरण।	सफल बोलीदाता का नाम: अप्रावा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि ऊपर उल्लिखित सफल बोलीदाता प्रमोटर और प्रमोटर समूह से संबंधित नहीं है।
6.	क्या यह लेन-देन संबंधित पक्षकार लेन-देन के अंतर्गत आएगा? यदि हाँ, तो क्या यह लेन-देन "आर्मस लेंथ" पर किया गया है।	यह लेनदेन संबंधित पक्षकार लेनदेन के दायरे में नहीं आता है।
7.	क्या लेन-देन स्लम्प सेल की प्रकृति का है।	उपर्युक्त बिंदु संख्या 5 में दिए गए विवरण के अनुसार, पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी की बिक्री और सफल बोलीदाता को हस्तांतरण का प्रस्ताव, स्लम्प सेल की प्रकृति का नहीं है। इसके अतिरिक्त, एसपीवी की बिक्री और हस्तांतरण के लिए विचार भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

यह आपकी जानकारी एवं आगामी प्रसार हेतु ।

धन्यवाद।

भवदीय,

कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनीष कुमार अग्रवाल)
महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
mk_agarwal@pfcindia.com